Title: Need to run a new Demu train service between Gopalganj and Patna Junction Railway Station

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज,बिहार राज्य के प्रमुख और ऐतिहासिक सारण प्रमंडल में है I इस प्रमंडल की आबादी लगभग 90 लाख है I इतनी बड़ी आबादी वाले क्षेत्र की जनता को कार्यालीय समयनुसार पटना जाने आने के लिए कोई भी रेल गाड़ी की सुविधा उपलब्ध नहीं है जबकि गंगा नदी में दीघा से पहलेजा रेल खंड पर रेल पुल का शुभारम्भ कई वर्ष पहले हो चूका है I इस परिस्थिति में यहाँ की जनता को सड़क मार्ग से यात्रा करनी पड़ती है जो कि खर्चीला एवं असुविधाजनक है I अत: माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि गोपालगंज से सिवान, दुरौंदा, महाराजगंज, मशरक जं.एवं छपरा ग्रामीण रेलवे स्टेशन होते हुए पाटलीपुत्र या पटना जं. तक एक जोड़ी डेमू रेल गाड़ी का संचालन कार्यालीय समय के अनुसार कराया जाये जिससे कि पूरे सारण प्रमंडल की जनता के साथ मेरे संसदीय क्षेत्र महराजगंज की जनता को इसका लाभ मिल सके I